# बिशन की दिलेरी

## नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(1) सुबह का समय था। पहाड़ों के पीछे से सूरज झाँक रहा था। दस वर्ष का बिशन घर से बाहर निकल आया। वह रोज इसी समय, इसी रास्ते से कर्नल दत्ता के फार्म हाउस पर जाता है। कर्नल दत्ता की पत्नी पढ़ाई में उसकी मदद करती हैं। बिशन पगडंडी से अभी सड़क तक आ ही रहा था कि उसे गोली चलने की आवाज़ सुनाई दी। उसने इधर उधर का देखा, कोई भी दिखाई नहीं दिया। वह कुछ ही दूर चला था कि उसे फिर गोली चलने की आवाज़ सुनाई दी। इस बार एक नहीं, दो-तीन गोलियाँ एक साथ ही चली थीं। बिशन सहम कर पेड़ों की आड़ में छिपकर खड़ा हो गया।

(i ) बिशन कितने वर्ष का था?
उत्तर

(ii) बिशन कर्नल दत्ता के फार्म हाउस पर क्यों जा रहा था?
उत्तर

(i1) बिशन को किस चीज़ की आवाज़ सुनाई दी?
उत्तर

(iv) बिशन पेड़ों की आड़ में छिप कर क्यों खड़ा हो गया?
उत्तर

(v) सहमकर शब्द का क्या अर्थ है ?
उत्तर

(2 ) अचानक कर्नल साहब का अल्सेशियन कुत्ता जोर-जोर से भौंकने लगा। वह किसी अजनबी को देखकर ही इस तरह भौंकता है। बिशन समझ गया कि शिकारी इधर ही आ रहे हैं। उसने इधर-उधर देखा ताकि वह तीतर को कहीं अच्छी तरह से छिपा सके। एक ओर शेड के नीचे बहुत सारा कबाड़ पड़ा था। उसी में एक टूटी टोकरी बिशन को दिखाई दे गई। " ये ठीक है" सोचते हुए उसने तीतर को टोकरी में रखकर स्वेटर ढक दिया।

(क) कर्नल साहब का कुत्ता किस नस्ल का था?
उत्तर

(ख) कुत्ता जोर-जोर से क्यों भौंकने लग गया था?
उत्तर

(ग) बिशन इधर-उधर देखकर क्या ढूँढ रहा था?
उत्तर

(घ) बिशन ने तीतर को कहाँ छिपाया?
उत्तर

(ङ) 'अजनबी' का (उल्टा) विलोम शब्द लिखिए।
उत्तर